(63)

पत्र संख्या: 1370 //अ०नि०वा०क०अधि०प्र०सं०ल०//न०प्र०अ०प्र०सं०// 2020-21//वाणिज्य कर

प्रेषक,

अपर निदेशक,
वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

सेवा में,

समस्त ज्वाइंट कमिश्नर,
जोन कार्यालय आगरा, अलीगढ़, कानपुर प्रथम, कानपुर द्वितीय,
झांसी, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ प्रथम, लखनऊ द्वितीय, अयोध्या,
गोरखपुर, वाराणसी प्रथम, वाराणसी द्वितीय, प्रयागराज, मेरठ गाजियाबाद प्रथम,
गाजियाबाद द्वितीय, सहारनपुर, इटावा, गौतमबुद्धनगर
वाणिज्य कर, उत्तर प्रदेश।

विषय:- जोन कार्यालयों की विभिन्न इकाईयों से सम्बद्ध प्रशिक्षु नवप्रवेशी असिस्टेंट कमिश्नर / वाणिज्य कर अधिकारियों के फील्ड प्रशिक्षण के मूल्यांकन रिपोर्ट के संबंध में।

दिनांक:: लखनऊ: 15 फरवरी / 2021

महोदय,

कृपया एडिशनल कमिश्नर, वाणिज्य कर, लखनऊ के आदेश संख्या- 1221 दिनांक- 19-01-2021 तथा आदेश संख्या- 1222 दिनांक 19-01-2021 तथा इसी अनुक्रम में जारी अपर निदेशक, वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान लखनऊ के पत्र संख्या– 1223 दिनांक 19-01-2021, ज्वाइंट कमिश्नर (स्थापना- राजपत्रित) वाणिज्य कर मुख्यालय, लखनऊ के पत्र संख्या– 7467 दिनांक- 20-01-2021, पत्र संख्या- 7491 दिनांक- 21-01-2021 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ में संचालित 06 माह की आधारभूत एवं व्यावसायिक प्रशिक्षण के द्वितीय चरण में समस्त प्रशिक्षु अधिकारियों को फील्ड में स्थित जोन कार्यालयों में फील्ड प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए नामित करते हुए इस आशय के निर्देश दिये गये थे कि प्रशिक्षु अधिकारियों को फील्ड एवं व्यवहारिक प्रशिक्षण की 02 माह की अवधि के दौरान नामित कार्यालयों से सम्बद्ध करते हुए फील्ड से संबंधित विभिन्न इकाईयों के प्रभारी अधिकारियों द्वारा व्यवहारिक प्रशिक्षण तथा Assignments इत्यादि प्रदान किये जायेंगे।

उपरोक्त पत्रों के माध्यम से इस आशय की भी अपेक्षा की गयी है कि **नवप्रवेशी प्रशिक्षु अधिकारियों** द्वारा विभिन्न इकाईयों (रजिस्ट्रेशन, रिटर्न स्क्रूटनी, रिफण्ड एवं रिकवरी, कर निर्धारण एवं ऑडिट, एडमिनिस्ट्रेशन, कार्यालय राज्य प्रतिनिधि तथा सचल दल एवं वि०अनु०शा की कार्यप्रणाली) में प्राप्त किये गये प्रशिक्षण तथा Assignments का मूल्यांकन क्रमशः A/B/C/D की श्रेणीयों में करते हुए मूल्यांकन रिपोर्ट अपर निदेशक, वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, लखनऊ को प्रेषित की जायेगी।

इस संबंध में अवगत कराना है कि नवप्रवेशी अधिकारियों के फील्ड प्रशिक्षण के दौरान किये गये कार्यों तथा दिये गये Assignments का मूल्यांकन से संबंधित विभिन्न श्रेणीयों A/B/C/D का तात्पर्य निम्नवत है :-

1.	A	उत्कृष्ट
2.	B	अति उत्तम
3.	C	उत्तम
4.	D	संतोषजनक

नोट:- नवप्रवेशी प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा फील्ड ट्रेनिंग के दौरान मूल्यांकन, उनके द्वारा प्रदर्शित की गयी लगन एवं रूचि, कुशलता / प्रवीणता एवं Assignments इत्यादि मानकों के आधार पर की जायेगी।

अतः उपरोक्त तथ्यों के क्रम में आपसे अनुरोध है कि आप उपरोक्तानुसार वर्णित श्रेणियों के आधार पर नवप्रवेशी प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा विभिन्न इकाईयों में प्राप्त किये गये प्रशिक्षण तथा Assignments का मूल्यांकन कर मूल्यांकन आख्या इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

Ajr
Dept
16-2-21
3605

(दीप्ति कटियार)
संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण)
वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृ०प०सं०- दिनांक- उक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को आवश्यक कार्यवाही / सूचनार्थ हेतु प्रेषित :-

1- एडिशनल कमिश्नर ग्रेड-1, आगरा, अलीगढ़, कानपुर प्रथम, कानपुर द्वितीय, झांसी, मुरादाबाद, बरेली, लखनऊ प्रथम, लखनऊ द्वितीय, अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी प्रथम, वाराणसी द्वितीय, प्रयागराज, मेरठ गाजियाबाद प्रथम, गाजियाबाद द्वितीय, सहारनपुर, इटावा, गौतमबुद्धनगर वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।
2- डिप्टी कमिश्नर (आई०टी०), वाणिज्य कर मुख्यालय को इस आशय से कि वे विभागीय वेबसाइट पर इस पत्र को अपलोड कराने का कष्ट करें।

15/02/2021

संयुक्त निदेशक (प्रशिक्षण)
वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान,
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।